# जयपुर केंद्रीय कारागार में औचक निरीक्षण में मिला डोंगल

**जयपुर।** घाटगेट स्थित जयपुर केंद्रीय कारागार में बंदियों के पास से मोबाइल मिलने का मामला अब पुराना हो गया और जेब की सलाखों के पीछे बैठे कुख्यात बदमाश अब जेल परिसर से इंटरनेट का इस्तेमाल भी करने लगे है। जेल की सलाखों के पीछे से बंदी इंटरनेट का इस्तेमाल कर क्या करना चाह रहे है इसकी जांच लाल कोठी थाना पुलिस करने में जुटी है।

थानाधिकारी प्रकाश विश्नोई ने बताया कि जेल प्रहरी राजेश तंवर ने मामला दर्ज कराया है की सोमवार को जेल प्रशासन की ओर से जेल परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्च के दौरान जेल के बिजली कोठड़ी के स्टोर रुम की तलाशी के दौरान उसमें छिपा रखा डोंगल बरामद हुआ।

संभावना जताई जा रही है कि अज्ञात बंदी ने जेल परिसर में इंटरनेट का उपयोग करने के बाद इसे बिजली कोठड़ी में छिपा कर रख दिया। बंदियों से पूछताछ के बाद जेल प्रहरी ने मामले की जानकारी जेल अधिकारियों को दी। जिसके बाद राजेश तंवर ने लालकोठी थाने पहुंच अज्ञात बंदी के खिलाफ जेल परिसर में डोंगल के माध्यम से जेल में इंटरनेट का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज कराया।

# 'बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्लानिंग के साथ तय समयावधि में पूरा करें'



शासन सचिव राजन विशाल एवं आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी चिन्मयी गोपाल ने योजनाओं की समीक्षा बैठक ली।

- 'योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित अवधि में सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को लाभ मिल सके'

**जयपुर।** पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में मंगलवार को शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल एवं आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने कहा कि राज्य में कृषि विकास की रफ्तार को बनाये रखने हेतु सभी अधिकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों की आय वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण स्थानीय कृषि पद्धितयों के विस्तार पर विशेष बल दिया।

उन्होंने ने कहा कि पूरे देश में खरीफ 2025 की 8 करोड़ 71 लाख बीमा पॉलिसियां करवाई गई हैं, जिनमें से 2 करोड़ 16 लाख यानी लगभग 25 प्रतिशत पॉलिसियां अकेले राजस्थान की हैं। इसके लिए उन्होंने सभी जिलों के विभागीय अधिकारियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरूक किया।

राजन विशाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों व ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रदेश भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।शासन सचिव ने कृषि ज्ञानधरा 2.0 पर बात करते हुए कहा कि कृषि में ज्ञान की बहुत आवश्यकता है और कृषि ज्ञानधारा कार्यक्रम द्वारा फसलों की जानकारी ले कर किसान अपने उत्पादों में वृद्धि कर सकते हैं।

कृषि ज्ञानधारा 2.0 कार्यक्रम द्वारा कृषक ग्राम लेवल से जुड़कर उन्नत एवं नवीन कृषि तकनीकों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक बुधवार को जानकारी दी जाती है।आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी ने कहा कि बजट घोषणाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू करें। योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र कृषकों को लाभान्वित करें, जिससे किसान विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी उपज और आमदनी में वृद्धि कर सके।बैठक में वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न डीबीटी योजनओं जैसे डिग्गी, फार्म पॉण्ड, पाईपलाइन, तारबंदी, कृषि यंत्र, गोवर्धन जैविक योजना, भूमिहीन कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुदान, बैलों से खेती तथा कस्टम हायरिंग केंद्रों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित अवधि में सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।समीक्षा के दौरान सीएसएस योजनाओं की वित्तीय प्रगति, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बीमा क्लेमों में आ रही दिक्कतों को दूर कर जल्द से जल्द बीमित कृषकों को क्लेम दिए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

चिन्मयी गोपाल ने कहा कि राज्य में कृषि विकास की रफ्तार को बनाए रखने हेतु सभी अधिकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उन्होंने किसानों की आय वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों के सरंक्षण एवं स्थायी कृषि पद्धितयों के प्रसार पर विशेष बल दिया। बैठक में निदेशक आत्मा डॉ. सुवा लाल जाट, वित्तीय सलाहकार डॉ. होशियार सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार), एस एस शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) डॉ हुशियार सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल जाट, अतिरिक्त निदेशक कृषि (अनुसंधान) अजय कुमार पचौरी, समस्त खण्डीय अतिरिक्त निदेशक कृषि (वि.), समस्त संयुक्त निदेशक कृषि (वि) सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं योजना प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत सरकार ने की राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्ड की घोषणा

- आरसीडीएफ ने देश में राजस्थान का लहराया परचम

**जयपुर/नई दिल्ली ।** भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने वर्ष 2025 के लिये पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्डस की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर, 2025 को गोपाल रत्न अवार्ड वितरित किये जायेंगे। पुरुस्कार वितरण समारोह में भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन, डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्यमंत्री प्रोफेसर एस0पी0 सिंह बघेल और राज्यमंत्री जार्ज कुरियन की उपस्थिति में आयोजित होगा।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने इस वर्ष तीन बड़े अवार्ड जीतकर लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई है। तीन बड़े राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्ड आरसीडीएफ की झोली में आये हैं और गोपाल रत्न अवार्ड की तीनों श्रेणियों में आरसीडीएफ को पुरुस्कार से नवाजा गया है। बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी श्रेणी में जयपुर जिला दुग्ध संघ की घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का चयन हुआ है। समिति को पुरुस्कार स्वरुप तीन लाख रुपये नकद, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह मिलेगा। बेस्ट डेयरी फार्मर श्रेणी में सीकर जिला दुग्ध संघ के दुग्ध उत्पादक हर्षित झुरिया को अवार्ड की घोषणा की गई है। हर्षित झुरिया को दो लाख रुपये नकद, मैरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा।

इसी प्रकार बेस्ट एआई टैक्नीशियन की श्रेणी में हनुमानगढ़ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के दुग्ध उत्पादक विकास कुमार का चयन हुआ है जिन्हें मैरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले भी आरसीडीएफ एवं इससे सम्बद्व जिला दुग्ध संघों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में आयोजित एक समारोह में भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी माया देवी और आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज को कार्बन क्रेडिट की पहली किस्त सौंपी थी।

# बहुउद्देशीय बन रहीं सहकारी समितिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में सहकारिता का नेटवर्क और अधिक मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने तथा अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में सहकारिता की अहम भूमिका को देखते हुए राज्य की पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में तीव्र गति से नवीन पैक्स का गठन किया जा रहा है। बड़े स्तर पर नवीन पैक्स गठन से राज्य के अधिक से अधिक लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में आगामी 2 वर्षों में राज्य की पैक्सविहीन लगभग 2600 ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स के गठन की घोषणा की थी। घोषणा की अनुपालना में सहकारिता विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में 1300-1300 पैक्स के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन इसकी तुलना में इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर माह के अंत तक ही 1700 नवीन पैक्स का गठन किया जा चुका है।

# जो लोग भाजपा पर मत चोरी के आरोप लगा रहे थे, अंता का परिणाम उनके लिए झन्नाटेदार तमाचा : डॉ राधा मोहनदास अग्रवाल

- डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अंता चुनाव ने सिद्ध कर दिया है कि भाजपा शासन में चुनाव पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ संपन्न होते है

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया बाइट के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर करारा जवाब दिया। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस बेतुके आरोपों और भ्रामक बयानबाजी के जरिए राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, जबकि अंता उपचुनाव का परिणाम भाजपा की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक आस्था का स्पष्ट प्रमाण है।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अंता चुनाव ने सिद्ध कर दिया है कि भाजपा शासन में चुनाव पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ संपन्न होते हैं। हमारी सरकार दिल्ली और राजस्थान दोनों जगह है, और छह माह से चुनाव तय थे। यदि भाजपा चाहती, तो प्रशासनिक नियंत्रण के आधार पर चुनाव को प्रभावित कर सकती थी, परंतु ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 81 फीसदी मतदान यह दर्शाता है कि जनता ने स्वतंत्र होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि जो लोग भाजपा पर मत चोरी के आरोप लगा रहे थे, अंता का परिणाम उनके लिए झन्नाटेदार तमाचा है। अंता ही नहीं, जम्मू-कश्मीर का भी उदाहरण दिया जा सकता है। श्रीनगर की अधिकांश सीटों पर भाजपा हार गई, फिर भी 70 फीसदी मतदान हुआ। यह भाजपा की लोकतांत्रिक निष्ठा तथा पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया का प्रमाण है।

अग्रवाल ने कहा कि अशोक गहलोत अब ''टाइम से बाहर'' हो चुके हैं। अगर हम जुमलेबाजी करते, तो बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के चुनाव हम नहीं जीतते। हमारा विज़न और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद सीधे जनता के दिल तक पहुंचता है, और यही हमारी जीत का आधार है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि 65 वर्षों तक कांग्रेस सिर्फ 'गरीबी हटाओ' के जुमले देती रही, लेकिन भाजपा ने पिछले 11 वर्षों में गरीब तबके के जीवन को वास्तविक रूप से बदला है।डॉ अग्रवाल ने चुनाव आयोग को हाईजैक करने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस 65 वर्षों तक चुनाव आयोग पर दबाव बनाती रही, इसी कारण उसे आज भी वही एहसास होता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ, एसडीएम, जिला चुनाव अधिकारी, सभी राज्य सरकार द्वारा नियुक्त और नियंत्रित अधिकारी होते हैं। अगर ये अधिकारी गलत काम कर रहे हैं, तो गहलोत जी बताएँ कि जिम्मेदार कौन-उनकी अपनी नियुक्तियां या केंद्रीय चुनाव आयोग? उन्होंने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची की पारदर्शी प्रक्रिया है।

# ढूँढाड़ परिषद ने मनाया जयपुर का 298वां स्थापना दिवस

**जयपुर।** ढूँढाड़ परिषद ने जयपुर का 298वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया। प्रात: 10 बजे स्टेच्यू सर्किल पर जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

प्रसिद्ध जिया द्वारा वादन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद एलएमबी होटल द्वारा तैयार विशेष गुलाबी केक को परिषद के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध इतिहासकारजितेंद्र सिंह शेखावत, सलाहकारडॉ. एस.एस. अग्रवाल, महामंत्री अजय विजयवर्गीय, ग्रेटर नगर निगम चेयरमैन जितेंद्र माली, उपाध्यक्षकपिला कुमावतसमेत जयपुर के कई बुद्धिजीवियों और शहरप्रेमियों ने मिलकर काटा।

एलएमबी के लड्डू, मख्खन बड़े और पुरानी मिठाईमोटे दानेजैसे पारंपरिक पकवानों का सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इतिहासकार जितेंद्र सिंह शेखावत ने जयपुर और ढूँढाड़ क्षेत्र के इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए। परिषद के अध्यक्षविजय पाल कुमावतने ढूँढाड़ परिषद की 15 वर्ष की उपलब्धियों और कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद ने 15 वर्ष पहले पहली बार जयपुर स्थापना दिवस को आम जनता तक पहुंचाने की पहल की थी, जो अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है।



जयपुर का 298वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया।

# सहकार सप्ताह पर सेमिनार आयोजित

**जयपुर/कोटा ।** कोटा जिला सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाए जा रहे सहकार सप्ताह के तहत सहकार भवन में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषयष्राष्ट्रीय सहकारी नीति पारिस्थितिकी तंत्र, भारत की सहकारी समितियों के संरचित रोडमैप था। इस सेमीनार मे लगभग 70 से अधिक सहकार सदस्यों की भागीदारी रही। सेमीनार की अध्यक्षता बलविंदर सिंह, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितिया कोटा ने की तथा मुख्य अतिथि महेंद्र खंडेलवाल अध्यक्ष कोटा जिला सहकारी संघ कोटा थे। इस अवसर पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितिया कोटा बलविंदर सिंह ने कहा कि सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहकारी नीति-2025 की शुरुआत की है। 24 जुलाई 2025 को अनावरण की गई राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए छह प्रमुख स्तंभों, 16 उद्देश्यों और 82 ठोस कार्य योजनाओं पर आधारित है।

# ग्वार ब्राह्मण में जुटे घुमंतू तथा दलित समाज के संगठन

**जयपुर।** सांगानेर इलाके में विगत 40 वर्ष से एक ही स्थान में रह रहे घुमंतू तथा दलित परिवारों को बिना पुनर्वास किया बेदखल करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जहां भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी ने जयपुर विकास प्राधिकरण तथा राजस्थान आवासन मंडल पर भूमि विहीन तथा गरीब नागरिकों को बेदखल कर आम किसान की भूमि को ऊंचे दाम पर बेचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार जयपुर विकास प्राधिकरण के इन अधिकारियों की करतूत पर समय रहते नकल कैसे वरना जयपुर विकास प्राधिकरण तथा राजस्थान आवासन मंडल के अधीन आने वाली भूमि पूरी की पूरी अमीरों को बेच दी जाएगी और आवास विहीन तथा भूमि विहीन किस गांव में जीवन भर अत्यंत गरीबी रेखा के नीचे ही पड़े रहेंगे। जो प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प का भारत बनाने के लिए धरातल पर सरकार की मदद भी कर रहा है। लेकिन वर्तमान हालात पर जयपुर विकास प्राधिकरण तथा राजस्थान आवासन मंडल की भूमि जब्त करो और गरीब को नजरअंदाज करो वाली नीति के चलते अब भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी द्वारा चलाए जा रहे दलित उत्थान महा अभियान कार्यक्रम में अब जनता तथा सामाजिक संगठनों का भी समर्थन आने लगा हैं।

सोसाइटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईरा बॉस, संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू तथा भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अनीश कुमार नाडर ने ग्वार ब्राह्मण में सर्दी में खुले आकाश में रह रहे नागरिकों को तुरंत प्रभाव से अस्थाई शेल्टर उपलब्ध करवाने तथा इन लोगों का सर्वे कर ग्वार ब्राह्मण के गरीब नागरिकों को ग्वार ब्राह्मण के किसानों से जब्त की गई भूमि पर बसाने के लिए कार्यवाही शुरू करने के लिये जयपुर विकास प्राधिकरण तथा राजस्थान आवासन मंडल को तीन दिन का समय दिया गया है।

# जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ो की धोखाधड़ी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

- मुहाना थाने में दो और चित्रकूट थाना एक मामले में लंबे समय से चल रहा था आरोपी फरार
- पुलिस ने अलग-अलग राज्यों में करीब 4 हजार किलो मीटर पीछा कर बेंगलूरु कर्नाटक से दबोचा शातिर फर्जी
- पुलिस अन्य आरोपियों व परिजनों की भुमिका को लेकर कर रहीं है गहनता से जांच

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने फर्जी जमीन और फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोडों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर फर्जी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है गिरफ्तार आरोपी की तलाश में पुलिस ने अलग-अलग राज्या में लगातार करीब 4 हजार किलोमीटर पीछा कर बेंगलुरु के कर्नाटक से शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों और परिजनों की भूमिका को लेकर भी गहनता से जांच करने में जुटी है। उपायुक्त दक्षिण श्री राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि दक्षिण इलाके में पुराने मामलों में फरार चल रहे मुल्जिमों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। जिसके लिए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने फर्जी जमीन दिखाकर तथा फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ो रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में शातिर बदमाश लविश जैन (24) पुत्र आशीष जैन अजमेरा फार्म ,मुहाना ,हाल प्रिवेंटो वेलव्रेथ सोसाइटी ,डोडालेबल्लापुर ,बेंगलुरु कर्नाटक निवासी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा आरोपी करीब चार से फरार चल रहा था।मामला दर्ज होने के बाद शातिर बदमाश पटना, कुल्लू मनाली, हिमाचल प्रदेश, वाराणसी होते हुए बेंगलुरु कर्नाटक में अपनी महिला मित्र के पास फरारी काटने चला गया।

पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी सहायता के आधार पर अलग-अलग राज्यों में करीब 4 हजार किलोमीटर तक आरोपी का पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। पुलिस आरोपी के परिजन की भूमिका की जांच कर रहीं है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ मुहाना में दो और चित्रकूट में एक मामला पेडिंग चल रहा है।

विशेष टीम में थानाधिकारी गुर भूपेंद्र सिंह ,एएसआई करण सिंह,हेड कॉन्स्टेबल शिव सिंह, हेड कॉन्स्टेबल कानसिंह, हेड कॉन्स्टेबल अभय सिंह, हेड कॉन्स्टेबल तकनीकी शाखा लोकेश सिंह ,हेड कॉन्स्टेबल रामसिंह व कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश डोबर को शामिल किया गया।



शातिर बदमाश लविश जैन पुत्र आशीष जैन को गिरफ्तार किया।

# गौ हत्या रोकने के लिए देशभर के साधु-संत एकजुट

**जयपुर।** जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क आमेर में गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने और गो हत्या रोकने के लिए मंगलवार साधु-संतों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रदेशभर के करीब 3 सौ साधु-संतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस बैठक में संत, शंकराचार्य और महामंडलेश्वर उपस्थित रहे और बैठक का नेतृत्व महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने किया।

होटल परिसर में सुबह से ही शंख, घंटा-घड़ियाल, संकीर्तन और जयकारों के बीच देशभर के संत-विभूति एकत्रित हुए। सामान्यत: इस प्रकार की धर्मसभा मठ-मंदिर या गौशालाओं में होती है, परंतु आयोजकों ने कहा कि मामला अत्यंत गंभीर है, इसलिए गंभीरता दर्शाने के लिए संत समाज ने शिष्यों के सहयोग से इस बैठक का आयोजन होटल में किया है। बैठक के दौरान कम्प्यूटर बाबा ने कहा गोमाता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं।

## सार-समाचार

### जहर खुरानी करने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में दिनदहाड़े एक युवक से जहरखुरानी कर लूटपाट करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने बातों में उलझाकर नशीला बिस्किट खिलाकर पेंट की जेब में रखे 51 हजार रुपए और मोबाइल निकालकर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुए पकडा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में दिनदहाड़े एक युवक से जहरखुरानी कर लूटपाट करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर आरोपित राजू यादव उर्फ रघुवीर सिंह (50) निवासी कन्नौज (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मिली नशे की गोलियों व सामान को जब्त किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित राजू यादव उर्फ रघुवीर सिंह हिस्ट्रीशीटर है।शनिवार शाम वह जयपुर से ग्वालियर जाने के लिए रोटरी सर्किल पर बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान करीब 40 साल का व्यक्ति आकर उसके पास बातचीत करने लगा और फिर मीठी-मीठी बातें कर उसे आने-जाने के बारे में पूछने लगा। कुछ देर बाद बातों में लेकर बिस्कुट खिला दिया। बिस्कुट में जहर मिला होने के कारण वह खाते ही बेहोश हो गया। बेहोश होने के बाद उसकी पेंट की जेब में रखे 51 हजार रुपए व मोबाइल निकालकर फरार हो गया। लोगों ने बेहोशी की हालत में पड़े मिलने पर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती करवाया करवाया। रविवार को होश आने पर जहरखुरानी की वारदात का पता चला। इस संबंध में थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया। जहां पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ जहरखुरानी कर लूट करने वाले बदमाश पकडा।

### डिमार्ट में मिला पुलिसकर्मी का खोया फोन लौटाया

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे चार मेहनती युवाओं ने उस समय ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की। जब उन्होंने पुलिस मुख्यालय में कार्यरत एक कांस्टेबल का खोया हुआ मोबाइल फोन लौटाया। यह घटना दर्शाती है कि समाज में आज भी नैतिकता और सच्चाई का मूल्य कितना महत्वपूर्ण है। यह वाकया लाल कोठी स्थित डिमार्ट डिपार्टमेंटल स्टोर का है। फागी तहसील के पिनास चकवाडा गांव के रहने वाले रघुराज गुर्जर, सुनील गुर्जर, दीपक गुर्जर और सोमेश गुर्जर स्टोर में खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कांस्टेबल घनश्याम शर्मा का मोबाइल फोन मिला। फोन में कई अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और संपर्क जानकारी मौजूद थी। चारों युवकों ने बिना किसी देरी के अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल पर कॉल किया और कांस्टेबल घनश्याम शर्मा को सूचित किया कि उनका खोया हुआ फोन उनके पास सुरक्षित है। सूचना देने के बाद चारों युवक तुरंत पुलिस मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने कांस्टेबल घनश्याम शर्मा को उनका क़ीमती मोबाइल फोन सम्मानपूर्वक सुपुर्द कर दिया। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर कांस्टेबल घनश्याम शर्मा बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने चारों युवकों का तह-ए-दिल से धन्यवाद किया। कांस्टेबल शर्मा ने बताया कि फोन में उनके कई अत्यधिक महत्वपूर्ण सरकारी और व्यक्तिगत दस्तावेज़ थे, जिनके खो जाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता। पिनास चकवाडा के ये चारों युवक वर्तमान में जयपुर में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उनकी इस पहल ने न केवल उनके गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बने हैं जो मानते हैं कि ईमानदारी सबसे बड़ी नीति है।

### राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन 21 नवंबर को

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में 21 नवंबर को राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन-2024 की अनुशंसा संख्या 71 के अनुपालन में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्रीय स्तर पर हुए डीजीपी, आईजीपी सम्मेलन के सुझावों पर गहन मंथन करना और राज्य पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना है। यह महत्वपूर्ण सम्मेलन ऑफलाइन और ऑनलाइन (हाइब्रिड) मोड में आयोजित किया जाएगा ताकि राज्य भर के अधिकारी इसमें शामिल हो सकें। जयपुर मुख्यालय में पदस्थापित सभी आईपीएस और आरपीएस अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सम्मेलन में भाग लेंगे । जबकि राज्य के विभिन्न रेंज और ज़िलों में तैनात आईजी, डीआईजी, एसपी, एडिशनल एसपी और डीवाईएसपी रैंक के अधिकारी ऑनलाइन मोड के माध्यम से इस सम्मेलन से जुड़ेंगे। इस राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा होंगे। सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा आयोजित महानिदेशक,महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन 2024 में दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही राजस्थान पुलिस द्वारा सुरक्षा, लॉ एंड ऑर्डर, तकनीक के उपयोग और अन्य प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### मैरिज गार्डन-होटल में वारदात करने वालों पर पुलिस की नजर

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में शादियों का सीजन शुरू होने के साथ ही ऐसे आयोजनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों और गिरोह भी सक्रिय हो गया। जो शादी समारोह में छोटे बच्चों के जरिए चोरी और नकबजनी की वारदात को अंजाम देते है। वहीं कई गिरोह ऐसे भी हैं, जो दूसरे शहर या अन्य राज्यों से जयपुर ऐसी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में आते हैं। ऐसे गिरोहों और बदमाशों की जयपुर पुलिस ने निगरानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही होटल,मैरिज गार्डन और रिसॉर्ट का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले आदतन बदमाशों और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि नवंबर में शादियों का सीजन शुरू हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए मैरिज गार्डन, होटल, रिसॉर्ट जैसे स्थानों की जांच-पड़ताल का अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे स्थानों की एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हैं या नहीं, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं इन सब का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचित करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि शादी समारोह के दौरान चोरी करने वाले गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए प्रो-एक्टिव तरीके से काम किया जा रहा है। वहीं बाहर से आने वाले गिरोह आमतौर पर ऐसी वारदातों को अंजाम देते हैं। इस बार प्रयास करेंगे कि ऐसे गिरोह से जुड़े बदमाश अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाएं।

### पटवारी सात हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अजमेर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए रूपनगर जिला ब्यावर के पटवारी आनन्द मेघवाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपित पटवारी ने परिवादी की जमीन से सम्बन्धित नामान्तरकरण खोलने की एवज में रिश्वत मांगी थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की अजमेर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि पटवारी आनन्द मेघवाल उसकी जमीन का विरासत का नामांतरण खोलने की एवज में आठ हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर शिकायत का सत्यापन करवाया और फिर एसीबी अजमेर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचन्द्र के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी आनन्द मेघवाल को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये पकडा गया है।